हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024



### पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ा

## जिस चाकू से केक काटा, उसी से हत्या, आरोपी खैरागढ़ में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जन्मदिन में शराब पीकर बाइक में घूम रहे दो युवकों में गाली-गलौज हुआ, जिस पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर हत्या कर दिया। शहर के महारानी स्कूल के पास बुधवार को दिन दहाड़े हुए युवक की हत्या के मामले में मौके से फरार हुए आरोपी को पुलिस ने खैरागढ़ में पकडा, जिसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 अक्टूबर को प्रार्थी डोमार पटेल 64 वर्ष शारदा चौक के आगे नाला किनारे शंकरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे उसका पुत्र निकलेश पटेल उर्फ सोनू मोटर साइकिल से छोटू वर्मा नामक लड़का निवासी शंकरपुर के साथ पुराना एसपी आफिस के सामने बल्देवबाग स्थित उसके चाय ठेला में आए थे। कुछ देर बाद दोनों मोटर साइकिल से चले गए। थोड़ी देर बाद महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल रानी अवंतीबाई मूर्ति के पास गुपचुप का ठेला लगाने वाला मनोज साहू ने महारानी स्कूल के पास पहुंचने बोला। महारानी स्कूल के पास करीब साढे 3 बजे जाकर देखा लोगों की काफी भीड़ लगी थी, मेरा लड़का खून से लथपथ पक्की रोड़ में पड़ा था। शरीर में कई जगह धारदार हथियार के चोंट के निशान थे। पता करने पर छोटू वर्मा पिता ललित वर्मा निवासी शंकरपुर द्वारा उसके पुत्र निकलेश पटेल को चाकू मारना पता चला। पुत्र निकलेश पटेल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव ले गए, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत्यु होना बताया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घटना के बाद आरोपी फरार था

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर आरोपी मनीष वर्मा उर्फ छोटू वर्मा पिता ललित वर्मा 23 वर्ष साकिन वार्ड नं. 10 शंकरपुर, जो घटना के बाद खैरागढ़ भाग गया था, जिसे तकनीकी सहायता से घेराबंदी कर पकड़कर हिरासत में लिया गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर बताया कि मृतक निकलेश पटेल उर्फ सोनू अक्सर शराब के नशे में अनाप-शनाप बात करते नीचा दिखता था और गाली-गलौज कर मारपीट करता था।

### जन्मदिन मनाने शराब पीये थे

घटना 23 अक्टूबर को आरोपी मनीष वर्मा का जन्मदिन होने से चिखली शराब भट्ठी में मृतक व आरोपी जाकर दारू पीये। जिसके बाद मृतक निकलेश पटेल गाली-गलौज कर मारपीट किया। जिससे त्वरित आवेश में आकर शराब के नशे में चाकू से मारकर हत्या करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त लोहे के धारदार चाकू को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

## आश्रम में आज सत्संग

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से रामा भाई (अहमदाबाद) का एक दिवसीय गीता भागवत सत्संग का आयोजन मोहारा वार्ड नंबर 47 स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में रखा गया है। योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। सत्संग के अंत में भोजन भंडारा की व्यवस्था भी किया गया है। संस्था के लेखराम साहू एवं दिलीप सिन्हा ने साधकों को उपस्थित होकर कार्यक्रम का श्रवण करने अपील किया है।

## हार्वेस्टर से टकराकर आरक्षक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में यातायात दबाव का असर सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी के साथ नजर आने लगा है। दो दिन पहले सिंगारपुर के पास आरक्षक ओमकार धुर्वे की मौत के बाद पांडादाह रोड में लाइन से वापस घर जा रहा आरक्षक सोमनाथ पिता किशोर दास टांडेकर 38




साल हार्वेस्टर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लाइन में तैनात आरक्षक ड्यूटी से निवृत्त होकर मोटर साइकिल से वापस घर पांडादाह लौट रहा था। इस दौरान पांडादाह से दो किमी पहले चिखलदाह मोड़ के पास धान काटने आई हार्वेस्टर से मोटर साइकिल टकरा गई। जिससे उसके पैर में गंभीर चोंट पहुंची है। वहीं हाथ में भी चोंट लगी है। आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर कर दिया है।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. संजय कुमार शर्मा
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएनबी(नेफ्रोलॉजी)
आपके शहर राजनांदगांव में
किडनी रोग के लक्षण
मूत्र में रक्त या झाग आना, हाथ पैर एवं चेहरे में सूजन आना, पेशाब के आवृत्ति में परिवर्तन, पेशाब की मात्रा कम हो जाना, पीठ दर्द या पेट के निचले हिस्से में दर्द
टेम्परी एवं परमानेंट कैथेटर इंसर्शन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड से डायलिसिस/ईलाज की सुविधा
दिनांक : 26 अक्टूबर 2024 (माह के दूसरे व चौथे शनिवार को)
समदा हॉस्पिटल
महामाया चौक, बसंतपुर, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेव टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
9098122633, 7773010942
Deepak Advts.

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
• मुँह के छाले एवं कैंसर
• जबड़े के फेक्चर का उपचार।
• मुँहके कम खुलने का इलाज।
• जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी।
• दांतों के इम्पलान्ट्
• कटे फटे होंट एवं तालु
• चेहरे एवं घावों का उपचार
डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654






## खबर संक्षेप

### प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित



**मुरमुंदा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान इको प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने मॉडल, चार्ट, पोस्टर बना कर प्रदर्शित किया। इस मौके पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### अजोला की दी जानकारी



**धामनसरा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के विद्यार्थियों ने अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन ग्राम धामनसरा में किया। छात्रों ने अधिष्ठिता डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में किसानों को अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन कर उपयोग तथा लाभ से अवगत कराया। इस दौरान सरपंच लोकेश गंगवीर, किसान योगेंद्र वैष्णव तथा अन्य मौजूद थे।

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम बरेठटोला में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि रवि कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, राजू सिन्हा, मनोज सिन्हा, रिखीराम साहू, घनश्याम साहू, वाहिद खान, कुमेटीराम, भारतसिंह, भुजबलराम, पालकराम, बिरसिंग, बिसंभर मंडावी, रानीकराम चौरे, देवकुमार श्रीवास्तव, प्रीतम, किशन मंडावी, भुनेश्वर मंडावी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### यात्री प्रतीक्षालय बना मयखाना



**मुरमुंदा।** शराबियों ने लोगों की सुविधा के लिए बने यात्री प्रतीक्षालय को मयखाना बना दिया है। शाम होते ही यात्री प्रतीक्षालय में शराबियों का जमघट लग जाता है और शराब सेवन करते हैं। शराबी नशे में धुत होकर यात्री प्रतीक्षालय में ही सो जाते हैं। लोग यहां पीने के बाद चखना, पानी पाउच, डिस्पोजल आदि फैला देते है। शराबियों की हरकत से गांव का माहौल खराब हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले उच्चतर माध्यमिक शाला में शराबखोरी का मामला प्रकाश में आया था। स्कूल को छोड़कर शराबी अब यात्री प्रतिक्षालय में शराबखोरी करने लगे हैं। जानकारी के अनुसार गांव में अवैध शराब की बिक्री जोरों से चल रही है। मिठाई दुकान की आड़ में शराब बेचा जा रहा है।

### राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 5 से

**कुमरदा।** छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम लाटमेटा नवटोला में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो एसोसिएशन, जिला खो खो संघ एवं सर्व खो खो टेक्निकल ऑफिशियल्स सहित ग्रामीणों के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका खो खो प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 5 से 7 नवम्बर तक किया रखा गया है। 5 नवम्बर को सुबह 8बजे मैच प्रारंभ होगा। आगामी 6 नवम्बर को उन खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा जिन्होने राष्ट्रीय स्तर की चार प्रतियोगिताओं में चार मैडल हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान 20 बालक एवं 20 बालिकाओं का चयन कोचिंग कैम्प के लिए किया जाएगा जिन्हे 8 से 23 नवम्बर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी छत्तीसगढ़ खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने दी।

### खो-खो निर्णायक परीक्षा 7 को

**कुमरदा।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो एसोसिएशन ने आगामी 7 नवम्बर को लाटमेटा के रतियोगिता स्थल पर खो खो निर्णायक परीक्षा का आयोजन किया है। परीक्षा में खो खो से जुड़े 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले महिला या पुरूष भाग ले सकते हैं। परीक्षा शुल्क एक हजार है। खो खो निर्णायक परीक्षा लिखित, प्रेक्टिकल और मौखिक होगी। परीक्षा में सफल लोगों को ट्रेनिंग, कोचिंग, सेमिनार, प्रतियोगिता में अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने की है।

### जांच के नाम पर खानापूर्ति

**डोंगरगढ़।** आवास योजना के भुगतान एवं सामग्री खरीदी में गड़बडी का मामला सामने आने के बाद अधिकारी जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर रहे है। नगरीय निकाय विकास मंत्रालय के पत्र के आधार पर जेडी कार्यालय दुर्ग द्वारा जांच शुरू की गई है। तत्कालीन सीएमओ सहित इंजीनियर, प्रभारी अधिकारी, लेखापाल के बयान दर्ज किया जा चुका है। तत्कालीन सीएमओ के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जानकारी के अनुसार आवास योजना के फर्जी भुगतान के मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई होने के संकेत है।

### जामा मस्जिद कमेटी का गठन

**डोंगरगांव।** जामा मस्जिद की नई कमेटी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में मोहम्मद रफीक खत्री को निर्विरोध सदर बनाया गया। नवनिर्वाचित सदर ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए सेक्रेटरी डॉ बशीर अहमद, खजांची शमीम अंसारी, शहरे खमोशा सदर इकबाल तंवर को बनाया है। मेंबर के रूप में महमूद हसन, नजीर तंवर, युनुस सिद्दीकी, इरफान बडगुजर, रियाजुद्दीन सोलंकी, फिरोज हसन रिजवी, पीर मोहम्मद कुरैशी, समशुद्दीन अंसारी मनोनीत किए गए है। गठन के बाद सभी पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया गया। सभी ने कंधे से कंधा मिलाकर समाज और गांव की सेवा में सहयोग करने की बात कही है।



## पूरे शहर में चल रहा बड़ा खेल, मतदाता टेंशन में

# निवासी वार्ड दो के, मतदाता सूची में नाम अन्य वार्ड में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

- मतदाताओं की जानकारी के बिना किया जा रहा बदलाव

निकाय चुनाव की घोषणा होने के पहले ही मतदाताओं को परेशान करने का खेल शुरू हो गया है। मतदाताओं के नाम को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में दर्ज किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस संबंध में मतदाताओं को किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। वार्ड 2 निवासी वंदना बड़ोले, चंदा वासनिक, कविता मेश्राम, खुशबू गजभिये, भीमराव कोटाँगले, माया बाई गजभिये सहित अन्य ने बताया कि वह सालों से वार्ड 2 के निवासी है और यहीं मतदान करते आ रहे हैं। अब पता चला है कि उनका नाम वार्ड 4 में दर्ज कर दिया है। वार्ड बदलने की जानकारी उन्हे अब तक किसी अधिकारी ने नहीं दी। नागरिकों ने बताया कि ऐसे एक दो मतदाता नहीं बल्कि लगभग 210 मतदाताओं के नाम वार्ड 4 में दर्ज कर दिया है। वार्ड बदलने से नागरिक परेशान है। उनकी मांग है कि उन्हे वार्ड 2 में ही मतदान करने दिया जाए।

### एक परिवार के सदस्यों का नाम 3 वार्डों में

नागरिकों से बातचीत करने पर पता चला कि एक परिवार के मतदाताओं के नाम तीन वार्डों में दर्ज कर दिया गया है। कुछ के नाम वार्ड 3 में है तो कुछ के नाम वार्ड 4 में है। सवाल यह है कि वह कहां मतदान करेंगे? वास्तव में उनका वार्ड कौन सा है? जांच का विषय यह है कि किसकी गलती से मतदाताओं के नाम अन्य वार्ड में दर्ज कर दिया गया है। मजेदार बात यह है कि उसी के आजू वाले का नाम वार्ड 3 में है जबकि वह वार्ड 2 का निवासी हैं।

### हर वार्ड में चल रहा खेल

यह मामला सिर्फ वार्ड 2 में नहीं है। शहर के अधिकांश वार्ड के नागरिकों के नाम को बिना जानकारी के दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। लोगों को यह पता नहीं है कि वह जिस वार्ड में निवासरत हैं वहां से उनका नाम काटकर दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इस खेल को नगर पालिका चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। मतदाता सूची का यही हाल रहा तो लगभग 20 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे।

### दावा आपत्ति 30 तक

जानकारी के अनुसार हाल ही में राज्य निर्वाचन आयोग से पुनरीक्षण कार्यक्रम में कुछ बदलाव किया है। अब दावा आपत्ति 23 के बजाए 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में सीएमओ चंद्रकांत शर्मा ने जानकारी को गलत बताते हुए कहा कि इस संबंध में विभाग प्रभारी श्रवण गभने से संपर्क करें। इसके लिए वही जिम्मेदार हैं। प्रभारी श्रवण गभने ने बताया कि प्रत्येक वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वार्ड की सूची लेकर बैठे हैं। मतदाताओं को उनसे संपर्क करना चाहिए। जागरूकता दिखाते हुए गलतियों को दुरुस्त करना चाहिए। इधर नागरिकों का कहना है कि उन्हें तो पता ही नहीं है कि उनका नाम कब और क्यों विलोपित कर दूसरे वार्ड में जोड़ दिया गया है?

# सट्टा का खुला काला चिट्ठा, तीन गिरफ्तार

## कापी और मोबाइल में कई सटोरियों के नाम दर्ज

- शहर में लंबे समय से चल रहा सट्टा का कारोबार
- कार्रवाई से सटोरियों में हड़कंप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**

एक लंबे समय से लुक छुप कर चल रहे सट्टा के खेल के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 सट्टा खाईवालों के नाम का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार शहर में काफी समय से सट्टा का कारोबार चल रहा है। पुलिस की सख्ती के बाद कुछ अंकुश लगा था किन्तु समय के साथ सटोरियों ने अपने कारोबार को शुरू कर दिया था। एक में अस्सी कमाने के लोभ में सट्टा के काले धंधे में फंसते जा रहे थे।

इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्यवाही किया। पुलिस ने सलमान अली ऊर्फ बाबू खान के घर में दबिश दिया। पुलिस को देखकर सलमान अली भाग गया। मौके पर पायल खान ऊर्फ तब्बू खान मिली।

उसके कब्जे से 2 नग कापी जिसमें सट्टा पट्टी के अंक और राशि का हिसाब लिखा है को बरामद किया। जानकारी के अनुसार कापी के 5 पन्ने में कई लोगों के नाम और दी गई राशि का उल्लेख है। एक पन्ने 17 लोगों के नाम दर्ज पाया गया है। मौके से 1 नग ओप्पो मोबाईल, नगद 440 रूपए एवं 1 डाट पेन बरामद हुआ।

### गिरफ्त में सटोरिये

पुलिस ने सट्टा लिखने वाले कुमार पटेल एवं रमेन्द्र चौबे को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उन्होंने बताया कि आरोपी सलमान अली, पायल खान तथा जहीर कुरैशी को सट्टा पट्टी लिखकर देते थे। पेमेंट नगद एवं फोन पे के माध्यम से करते थे। पुलिस ने आरोपी कुमार पटेल के कब्जे से एक नग रेडमी मोबाईल जिसमे सट्टा पट्टी लिखी थी एवं लेन देन का हिसाब वाटसअप एवं फोन पे में मौजूद था को जब्त किया। आरोपी रमेन्द्र चौबे के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी, नगद रकम 640 रूपए बरामद किया गया। तीनो आरोपियों के खिलाफ धारा 6, 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# प्रभारी डॉक्टर एवं सरपंच का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़**



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में मितानिनों की बैठक स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक अनिता रामटेके एवं मितानिन प्रेरक मधुसुदन करसेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। बैठक में पिनकापार, खामतराई, फुलसुंदरी, गिधवा, कोलियारा, मुड़खुसरा, महाराजपुर, सिर्राभांठा, मुजगहन, खामभाठ की मितानिने शामिल हुई। इस मौके पर डां उदय तिवारी एवं सरपंच सौमिन भुआर्य का शाल भेंटकर सम्मान किया गया। दौरान सुकवारो बंजारे, तीजो यादव, शशिकला मानिकपुरी, यमुना साहू, टुमनबाई साहू, सुनीता देवांगन, लीला साहू, मीनाबाई, परगनिहा, हेमीनबाई, मेहतरबाई, रूखमणी साहू, पार्वती साहू, निर्मला कोठारी, धनेरी बाई, पारस भुआर्य, पुष्पा तिवारी, योगिता साहू, पूर्णिमा साहू, सेवती ठाकुर, रूपा राणा, चंद्रवती मंडावी, पुष्पा साहू, गुलापी बाई आदि मौजूद थे।

# मुसराकला में आवास मेला का आयोजन



**मुसराकला।** ग्राम पंचायत मुसराकला में आवास मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर फुलमत बाई साहू के घर का भूमिपूजन एवं हेमसिंग ठाकुर ने गृह प्रवेश किया। प्रथम किश्त जारी कर 29 हितग्राहियो को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियो को चाबी वितरित किया गया एवं आवास पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर मुसराकला, माड़ीतराई, कुमसी, बेलगांव, ठाकुरटोला (को.), धुसेरा एवं कातलवाही के हितग्राही, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कमेलश वर्मा ने स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए व्यवहार परिवर्तन एवं कचरा संग्रहण की जानकारी ग्रामीणों को दी। जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर ने विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव, रमेश पटेल ने भी संबोधित किया।इस दौरान बोधीराम साहू, लक्ष्मीनारायण वर्मा, सरपंच कंवल निर्मलकर, सचिव मोहित कुमार साहू, रोजगार सहायक भारती साहू आदि उपस्थित थे।

# धोधा में नई सुविधाओं का विस्तार

## जन औषधि केंद्र, सीएससी और एटीएम का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**



धोधा की सेवा सरकारी समिति परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, सीएससी केंद्र एवं माइक्रो एटीएम का उद्घाटन गुरुवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से ग्रामीणों को सस्ती और गुणवत्तायुक्त जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध होगी जिससे आर्थिक बोझ कम होगा। ग्राम में खुले माइक्रो एटीएम से किसान प्रतिदिन दस हजार तक आहरण कर सकते हैं। इस सुविधा से किसानों को अब राशि के लिए लंबी दूरी तय करके इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कॉमन सर्विस सेंटर से किसानों को बी वन की नकल, जाति, श्रमिक पंजीयन कार्ड सहित तमाम दस्तावेज आसानी मिल जाएंगे। संचालन दुजेराम वर्मा ने किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, खम्हन ताम्रकार, विक्की अग्रवाल, टीके चंदेल, रवि भावनानी, सावंत वर्मा, उदय देवांगन, राकेश ठाकुर, टेकन देवांगन, श्यामपाल, श्रवण जंघेल, लीला साहू ,कांशीराम साहू, कमलेश साहू, योगेंद्र कौशिक, गोपाल साहू, सरपंच रामाधार वर्मा, सावंत वर्मा, दीना जंघेल ,पंजीयक शिल्पा अग्रवाल, सीईओ प्रभात मिश्रा, सहायक पंजीयन रघुराज सिंह, सहकारिता विस्तार अधिकारी शशिकांत श्रीवास, आलोक शर्मा, डीडी साहू, अमित नामदेव, जगदीश जंघेल, रूप नारायण हिरवानी, अशोक साहू, यशवंत वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विक्रांत ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**खैरागढ़।** सदस्यता अभियान बाद भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान तहत जिला कार्यालय में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सक्रिय सदस्यता फार्म भरकर व नरेंद्र मोदी एप पर निर्धारित शुल्क भुगतान जमा किया और जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू को सक्रिय सदस्यता फार्म सौंपा। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, टीके चन्देल, प्रकाश सिंह ठाकुर, रामाधार रजक, शशांक ताम्रकार, परमानंद साहू, कृष्णा वर्मा, सुधीर गोलछा, अनिल अग्रवाल, विनय देवांगन, फारुख मेमन, परमानंद साहू सहित बड़ी संख्या मे भाजपाई उपस्थित थे।

### बैठक सह-प्रशिक्षण 26 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। बैठक में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### कार्यों के लिए 3 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुढ़ीपार में विकास कार्यों के लिए 3 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें नवीन प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए एवं प्राथमिक शाला में बच्चों के झूला के लिए एक लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### चारभाठा में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 30 को

**राजनांदगांव।** ग्राम चारभांठा-ठेलकाडीह में एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर को स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने बताया कि सामूहिक प्रवेश शुल्क 121 रुपए व एकल-युगल 101 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम में अनेक आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजक समिति ने प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील प्रतिभागियों से की है। इस अवसर पर अध्यक्ष स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, संरक्षक कैलाश साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी संजू साहू ने दी।

### सुशील चौथी बार रेडक्रॉस सह-सचिव नियुक्त



**राजनांदगांव।** समाजसेवी सुशील जैन (छाजेड़) को चौथी बार रेडक्रॉस का सह-सचिव बनाया गया है। वे विगत बीस सालों से सह-सचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वर्ष 2024 में फिर से उन्हें कलेक्टर एवं रेडक्रास समिति के पदेन अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने चौथी बार सह-सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने मूकबधिर जानवरों को कोविड के समय दादाबाड़ी से रोटियां व चारा की व्यवस्था की थी। जिसके लिए महामहिम राज्यपाल द्वारा 17 दिसंबर 2020 को उन्हें राज्यपाल पुरस्कार का जिला स्तर का अवार्ड रायपुर में प्रदान किया गया था। वे रेडक्रॉस की गतिविधियों में हमेशा आगे रहते हैं। साथ ही शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहकर सदैव सेवा कार्य में लगे रहते हैं। सुशील जैन के मनोनयन से रेडक्रॉस के सदस्यों के अलावा उनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

## वेतन विसंगति दूर करने सहित पांच मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# रैली निकालकर दिया ज्ञापन, संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जुटे हजारों शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य पांच मांगो को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रैली निकालकर धरना प्रदर्शन दिया। प्रदेश के चार बड़े शिक्षक संगठनों ने मिलकर छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मांगो को लेकर चरणबद्ध कार्य योजना तहत प्रांतीय निर्देश पर जिला स्तरीय रैली व धरना प्रदर्शन किया गया।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रामलाल साहू, सुनील शर्मा, अनुराग सिंह, संजय सिंह राजपूत, छुईखदान ब्लाक संचालक कौशल श्रीवास्तव व रामेश्वर वर्मा और खैरागढ़ ब्लाक संचालक दुर्गेश कुमार सोनी, बलदाऊ जंघेल ने अपने अपने संबोधन मे वेतन विसंगति दूर कर एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देने, उसका विभागीय आदेश जारी करने, पुनरीक्षित वेतनमान का सही निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर 20 साल पूरा करने पर पूरे पेंशन का प्रावधान करने और शिक्षक संवर्ग व कर्मचारियों को केंद्र के समान जुलाई 24 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स के साथ देने की मांग को मुखरता के साथ उठाते हुए कहा कि सालो से इन मांगो को लेकर पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान से शिक्षक संवर्ग लगातार आवेदन देते आ रहा है।




### सरकार बनने के 10 माह बाद भी वादा अपूर्ण

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओ ने भी अपने संकल्प पत्र मे वेतन विसंगति सहित अन्य समस्याओ को दूर करने का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के दस महीने बाद भी उनकी मांगो को लेकर सकारात्मक पहल नही की गई। इस दौरान लुमेश्वरी साहू, अनिता जंघेल, भुनेश्वरी लहरे, प्रेरणा सिंह, महेश्वरी मरकाम, कुसुमलता धुर्वे, सीता साहू, ज्योति केहरी, प्रणय महोबे, भगवती प्रसाद सिन्हा, कोमल चंद कोठारी, शिव चरण वर्मा, संजू कंवर, विक्की नेताम, जगदीश कोसरे, गुंजन सिंह, डोमार सिंह, अनिता मेश्राम, कल्याण वर्मा, विजय सोनी, वर्षा लिल्हारे, संतोष तोड़े, पूर्णेश वैष्णव, आरिफ खान, तेजेश्वर वैष्णव, हेमलाल कौशिक, साधना जंघेल, सुलोचना रामटेके, अनामिका मेश्राम, विरेन्द्र पटेल, शिवचरण खुसरो, नंदकिशोर सिमकर, भीखम वर्मा, कृपाल वर्मा, राजेश लोधी, कृष्णा वर्मा, तोकराम सिन्हा, हब्बूराम कंवर सहित साथ पांच सूत्रीय मांगो को लेकर जिले के लगभग सारे प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक सहित हाई हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षक धरना प्रदर्शन मे उपस्थित थे।

# कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया भेदभाव करने का आरोप

## कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर विकास को लेकर अधोसंरचना मद से दो करोड़ से ऊपर के स्वीकृत नामों मे कांग्रेसी पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात की। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के नेतृत्व में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा व अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल से मिलकर कांग्रेसी पार्षदों ने चर्चा के दौरान बताया कि वार्ड के समस्या को लेकर भेदभाव किया जा रहा है।

अनुसूचित जाति बाहुल्य के साथ ही ग्रामीण वार्ड के रूप मे चिन्हित शहर के वार्ड नंबर 15 अमलीडीह खुर्द और वार्ड 20 खम्हरिया सिविल लाइन मे विकास काम के लिए एक रुपए की स्वीकृति नही दी गई है जिससे स्पष्ट पता चल रहा कि कांग्रेसी पार्षदों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। उन्होने बताया कि पिछले साल भी इसी तरह ईतवारी बाजार वार्ड 9 के साथ भी भेदभाव किया गया था और इस साल भी इस वही दोहराया गया है।

सामान्य सभा की बैठक में इस मुद्दे पर वार्ड पार्षद दीपक देवांगन ने बात रखा जिसका भाजपा पार्षद व शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन ने सभा मे इस बात की सहमति दी थी कि सबको काम मिलेगा किसी के साथ भेदभाव नही होगा इसे देखना हमारी जिम्मेदारी है लेकिन अधोसंरचना मद से जारी काम मे जरूरतमंद वार्ड में काम नही दिया गया है जिससे वार्ड वासियों में आक्रोश है।

### सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नपा अध्यक्ष व सीएमओ पर कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में अनदेखा व भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सीएमओ को कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में आवश्यकतानुसार काम और उसके लिए राशि स्वीकृत करने का आदेश दिया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, शत्रुघ्न धृतलहरें, दिलीप लहरे, दयाराम पटेल सहित पार्षदगण मौजूद थे।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

# घटिया निर्माण पर भड़कीं विधायक विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत क्षेत्र में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने किया। उन्होंने वार्ड 15 में 15 लाख की लागत वाली सीसीरोड़, कृष्णकुंज में 10 लाख 59 हजार की लागत वाले पाथवे, वार्ड 6 स्थित मुक्तिधाम में अध्यक्ष निधि से 9 लाख की लागत के शेड, वार्ड 13 में 8.89 लाख की लागत से पाइप लाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया। इन कार्यों से शहर के विकास को गति मिलेगी।



### हाईटेक सब्जी मंडी का जायजा

भूमिपूजन के बाद विधायक यशोदा वर्मा का काफिला मंडी प्रांगण पहुंचा जहां निर्माणाधीन हाईटेक सब्जी मंडी का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण में खामियों पर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने मंडी सचिव और विभाग के अभियंता को हिदायत देते हुए ठेकेदार का पेमेंट रोकने के निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण में पुरानी छड़ के उपयोग पर जमकर फटकार लगाई और गुणवत्ता युक्त कार्य करने की हिदायत दिया। इस दौरान नीलांबर वर्मा, नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिह्नेश यादव, मोहसिन खान, पूर्व मंडी अध्यक्ष संजूसिंह चंदेल, पार्षद दिलीप ओगरे, क्रांति ताम्रकार, लियाक़त अली, सुरज नामदेव, अय्यूब कुरैशी, बालकदास डहरिया, चुरावन छेदैया, शैलेंद्र जायसवाल, बालकिशन यादव, श्यामा ठाकुर, उषा महेश रात्रे, हेम ठाकुर, लता देवांगन, अमित टंडन, विक्की टंडन, निकाय इंजीनियर लोकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### होटल में काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सडक दुर्घटनाओं के अलावा अलग अलग कारणो से आत्महत्या के मामलो मे भी पूरा इलाका थर्राया हुआ है। ब्लॉक के ग्रापंच सिंघौरी में आात कारणो से तोरण पिता रमाकांत दुबे पेड़ मे लटकरकर अपनी जान दे दी।

परिजनो के मुताबिक देर शाम वह जानवरो के लिए चारा काटने निकला था, देर शाम तक घर नही आने पर पतासाजी मे भी उसका पता नही चला लेकिन सुबह खेत के मेड़ मे लगे बबूल पेड़ मे उसकी लाश लटकी हुई मिली। इसी तरह गुरूवार सुबह फोकटपारा मे रहने और गुजराती होटल मे नाश्ता पानी सप्लाई करने वाले युवक नरेश यादव उर्फ गोलू ने भी अज्ञात कारणो से दुपट्ऐ से लटककर अपनी जान दे दी।

सुबह घर से काम के लिए नही निकलने पर परिजनो ने दरवाजा खटखटाया नही खुलने पर खिडक़ी से झांककर देखने पर उसे घर के म्यार मे लटकते पाने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी। दोनो मामलो मे पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पेंशनरों की मासिक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की मासिक बैठक 20 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में अन्य जिलों से आए जिला अध्यक्षों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में रायपुर से 6, धमतरी से 8, भाठापारा से 10, खैरागढ़ से 12 पेंशनर्स, डोंगरगांव से 3, घुमका से 5, ग्रामीण इकाई से 10 तथा नगर ईकाई से 25 सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने यशवंत देवान का स्वागत किया। साथ ही अन्य जिलों एवं तहसील से पधारे पेशनरों का स्वागत किया। नए पेंशनर देवेश सिंह राजपूत का भी स्वागत किया गया। उक्त जानकारी जिला महामंत्री सुधीर शेंडे ने दी।

# मातृ शक्तियों को भाजपा ने दिलाया आरक्षण और सम्मान : परवेज

- सदस्यता अभियान में पार्टी से जुड़ रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व के तहत ग्राम मोखला और धीरी में आयोजित कार्यक्रम में मातृ शक्तियां भी शामिल हुई। उन्होंने अतिथियों की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। महिलाओं ने कहा कि भाजपा ने हमें राजनीति में सहभागिता का मौका मुहैया कराया है। राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भी भाजपा ने ही दिलाया। सभी वर्गों को सम्मान और अवसर मुहैया कराने वाली विचारधारा ही भाजपा की सबसे मजबूत कड़ी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण इलाके में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कार्यक्रम में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने यहां नए सदस्यों से मुलाकात की और उनका स्वागत किया। मातृ शक्तियों को नमन करते उन्होंने इसे 21वीं सदी की भारतीय राजनीति में महिलाओं की सच्ची सहभागिता करार दिया। इस दौरान ग्राम मोखला और धीरी में शक्ति केंद्र सह-संयोजक हुमेश्वर प्रसाद, बूथ अध्यक्ष त्रिलोचन साहू, कल्याण साहू, हेमशंकर साहू, गैंदलाल साहू, तिलकराम साहू, भगतराम निषाद, जनकराम साहू, हिमांशु साहू, यादवराम निषाद, नारदराम, गिरवरराम, भोलाराम, खुमान व अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### भाजपा पर जताया भरोसा

परवेज अहमद ने बताया कि दोनों ही गांव में हर उम्र वर्ग की महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया है। महतारी वंदन योजना, उज्जवला योजना से वे भाजपा के विकास के इरादे समझ चुकी है। युवाओं और पुरूषों में भी भाजपा से जुड़ने का उत्साह है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे और भाजपा की सदस्यता उन्होंने ली। परवेज ने कहा कि आने वाले दिनों भी यह अभियान जारी रहेगा और अधिक से अधिक गांवों तक पहुंचकर लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।



# स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखकों की हड़ताल से करोड़ों का राजस्व प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन खरीदी-बिक्री के लिए पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के उद्देश्य से लॉन्च किए गए सुगाम ऐप के माध्यम से मौके पर जाकर फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता का विरोध करते दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। इस हड़ताल से ऑफलाइन रजिस्ट्री बंद है और जिलेभर में करोड़ों रुपए का राजस्व प्रभावित हो रहा है।

राजनांदगांव तहसील और जिला पंजीयक कार्यालय मिलाकर लगभग 40 स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखक हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से ऑफलाइन रजिस्ट्री कार्य ठप पड़ा हुआ है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण रजिस्ट्री प्रभावित, ऐन त्यौहार के पहले लोगों को भटकना पड़ रहा

### एनजीडीआरएस ऐप से हो रही रजिस्ट्री

स्टाम्प वेडरों और दस्तावेज लेखकों की हड़ताल के चलते आवश्यक रजिस्ट्री के लिए लोग ऑनलाइन माध्यम से नेशनल जनरल डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय समान दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली को अपना रहे हैं। हड़ताल के दौरान इसके जरिये बुधवार को एक रजिस्ट्री और गुरुवार को दो रजिस्ट्री की गई है।




### स्वयं की आईडी-पासवर्ड से ले रहे अपॉइंटमेंट

ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्री करवाने के लिए क्रेता-विक्रेता द्वारा ऐप के माध्यम से आईडी जेनरेट कर स्वयं की आईडी-पासवर्ड से अपॉइंटमेंट लिया जा रहा है। इसके बाद रजिस्ट्री कार्य हो रहा है।

### कार्यालय में सन्नाटा

दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर की हड़ताल के चलते तहसील व जिला पंजीयन कार्यालय में आम दिनों के मुकाबले सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं ऑफलाइन रजिस्ट्री करवाने के लिए लोग भटक रहे हैं।

### ई-स्टाम्प की बढ़ी मांग

स्टाम्प वेंडरों के हड़ताल के चलते ई-स्टाम्प की मांग बढ़ गई है। पहले 15-20 ई-स्टाम्प की बिक्री होती थी। वहीं अब संख्या बढ़कर 35-40 पहुंच गई है।

### करोड़ों का राजस्व का नुकसान

जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिदिन लगभग 70 से 100 अपॉइंटमेंट लिए जाते हैं। जिसके माध्यम से जिलेभर में एक करोड़ रुपए के आसपास राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन अब दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल के चलते रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हुआ है। जिसके बाद चार दिन में महज तीन रजिस्ट्री हुई है।

## सार समाचार

### डोंगरगढ़-कटघोरा रेल मार्ग के लिए 300 करोड़ स्वीकृत

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक उपरांत डोंगरगढ़-कटघोरा नवीन रेल मार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य हेतु 300 करोड़ की राशि स्वीकृत प्रदान करने पर सांसद संतोष पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार का जादू दिखने लगा है। सांसद पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बजट 2024 में उक्त रेल मार्ग हेतु राशि का प्रावधान किया था, जिसे छत्तीसगढ़ रेल कार्पोरेशन की आयोजित बैठक में स्वीकृत किया है। जिससे रेल मार्ग के प्रारंभिक निर्माण कार्य एवं भू-अर्जन के कार्य चालू हो सकेंगे। सांसद पांडेय ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने द्वेषपूर्वक शासन करते उक्त रेल मार्ग को लंबित रखा था। उनके द्वारा मार्ग में अनुचित बदलाव के भी प्रयास किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के दूसरे कार्यकाल में रेल मंत्रालय द्वारा उक्त रेल मार्ग के लिए 500 करोड़ जारी किया गया था, जिस पर किसी भी प्रकार का निर्णय न लेने के कारण निर्माण कार्य लंबित होते रहा। सांसद पांडेय ने आगे कहा कि ''हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे'' की पंक्ति को चरितार्थ करते काम कर रही भाजपा की सरकार नित नए आयाम गढ़ रही है। पूर्व की भाजपा सरकार में ही डोंगरगढ़-कटघोरा रेल मार्ग की स्वीकृति प्राप्त हुई थी एवं वर्तमान की भाजपा सरकार ही उसे आगे बढ़ाने का काम कर रही है। सांसद पांडेय कहा कि मुम्बई हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर लगातार बढ़ते रेल के दबाव के कारण यात्री व मालगाड़ी ट्रेन आए दिन विलंब से चलने की खबरें आती है। नवीन रेल मार्ग के बन जाने से रेलवे ट्रैफिक को डोंगरगढ़-कटघोरा मार्ग पर डायवर्ट कर मुबंई हावडा मुख्य रेल मार्ग पर दबाव को कम किया जा सकता है। रेल मार्ग हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान करने पर सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अवश्नी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### नृत्य स्पर्धा में एनपीएस का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल ने 20 अक्टूबर को संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में नृत्यधाम कला समिति दुर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक समागम के तहत आयोजित देश राग नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर शाला एवं नगर सहित संपूर्ण जिले को गौरवान्वित किया है। उक्त प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में सेमिक्लासिकल नृत्य के लिए शाला की तनिष्का पंजवानी ने प्रथम, आद्या अग्रवाल एवं अस्मि अग्रवाल ने द्वितीय तथा प्रकृति साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग से शास्त्रीय कथक नृत्य में अंशिका त्रिपाठी तथा अंशिका राजपूत ने प्रथम एवं आद्या मानकर व निशिता साहनी एवं मोहिता बैगने ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में सेमिक्लासिकल नृत्य में काजल सिन्हा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि समूह नृत्य प्रतियोगिता में भी शाला के प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस नृत्य दल का नेतृत्व कर रही शाला की नृत्य शिक्षिका स्वाति मानकर को भी इस उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। शाला की प्रार्थना सभा में प्राचार्य भारती गौते के हाथों यह प्रमाण-पत्र तथा स्मृति चिन्ह नृत्य दल को देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शाला के निदेशक मंडल सहित संपूर्ण शाला परिवार की तरफ से नृत्य दल को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### जहर खुरानी, सरकारी अस्पताल की लापरवाही

**मोहला।** औंधी हाईस्कूल में अध्यनरत कक्षा 11वीं की नाबालिग छात्रा के जहर खुरानी कर लेने और उसके बाद मानपुर विकासखंड के औंधी सरकारी अस्पताल में दो दिनों तक इलाज करने के दौरान पुलिस को सूचना नहीं देने के एवज में परिजनों से पांच हजार रुपए मांगे जाने के साथ ही इलाज के अभाव में नाबालिग छात्रा की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामले को लेकर खबर लिखे जाने तक औंधी थाना में अंतिम संस्कार कर परिजन और ग्रामीण संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करने थाना में बैठे हुए हैं।




मिली जानकारी के अनुसार औंधी क्षेत्र के एक गांव की हायर सेकंडरी स्कूल में अध्यनरत 11वीं की छात्रा अज्ञात कारणों के चलते 14 अक्टूबर को कीटनाशक दवा पी ली थी। जहर पी लेने के बाद परिजनों द्वारा आनन-फानन में छात्रा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औंधी एडमिट किया गया। संबंधित छात्रा को 15 अक्टूबर को पूर्ण स्वस्थ हो जाने की बात कहते हुए उपस्थित डॉक्टर ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। अचानक नाबालिग छात्रा का 18 अक्टूबर को तबीयत बिगड़ने लगा, इसके बाद उसे राजनांदगांव एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से स्थिति गंभीर बनने पर परिजनों ने उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जिसके बाद आज सुबह छात्रा की मौत हो गई है। अंतिम संस्कार करने के बाद परिजन एवं ग्रामीण औंधी में पदस्थ डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने थाना में बैठे हुए हैं।

#### पुलिस को नहीं दी गई जानकारी

नाबालिग छात्रा के जहर खुरानी और उसके मौत हो जाने के इस गंभीर प्रकरण में अब बवाल मचा हुआ है। औंधी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदम दूर थाना मौजूद है, इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने प्रकरण की सूचना पुलिस को नहीं दी।

#### परिजनों से मांगे गए पांच हजार

मृत छात्रा के परिजनों का आरोप है कि उपस्थित डॉक्टर ने कंपाउंडर के हवाले उनसे मामला पुलिस को नहीं बताने के एवज में पांच हजार रुपए मांगे। जहर खुरानी कर जब पीड़ित अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने एमएलसी फार्म नहीं भरा। दो दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया और डिस्चार्ज के समय अमानवीय तरीके से 5 हजार की मांग की गई।

बेहतर इलाज के अभाव में धीरे-धीरे जहर छात्रा के पूरे शरीर में फैल गया और गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

## सुबह से देर शाम तक शुभ मुहूर्त के चलते बाजार में भीड़

# पर्व से पहले गुरु पुष्य नक्षत्र पर बाजार दमका, जमकर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दिवाली पर्व से पूर्व आज गुरू पुष्य नक्षत्र मुहूर्त पर बाजार में लोगों ने पर्व संबंधी सामग्री सहित अन्य सामानों की जमकर खरीदी की। सुबह से देर शाम तक बाजार में रौनक और लोगों की चहल-पहल बनी रही।

गुरू पुष्य नक्षत्र को लेकर बाजार में पूर्व से व्यवसायियों ने तैयारियां की हुई थी। दुकानों में साज-सजावट कर आकर्षक स्वरूप दिया गया है। दिवाली से पहले गुरुवार को गुरू पुष्य नक्षत्र के साथ ही अमृत और स्वार्थ सिद्धि योग के चलते इस मुहूर्त पर खरीदी करने के लिए लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ था।

### लोगों की सुबह से उपस्थिति

बाजार में शहरी सहित ग्रामीणों की आज सुबह से ही बेहतर उपस्थिति लोगों की बनी हुई थी। इस अवसर पर लोगों ने उत्साह के साथ पर्व से पूर्व सामग्रियों की जमकर खरीदी की। बाजार के इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, ज्वेलरी, कपडे सहित अन्य दुकानों में सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की बेहतर उपस्थिति रही। इस दौरान व्यवसायियों की भी व्यस्तता रही।

### रंगोली व सजावट की सजी दुकानें

समीप दिवाली पर्व को लेकर बाजार में दशहरा के बाद से ही दुकानें सजी हुई है। रंग-बिरंगी रंगोली से लेकर आकर्षक विद्युत झालर, साज-सजावट के सामान, दीये सहित पर्व संबंधी कई दुकानें सजी हुई है। शहर के कई स्थानों पर कुछ व्यवसायियों ने कपडे इत्यादि की सेल भी लगाई है, जहां से लगातार खरीदी करने लोग जुटे हुए हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। इस वर्ष पर्व के दौरान बेहतर व्यवसाय होने की संभावना जताई जा रही है।

### आगामी दिनों में भी चहल-पहल रहेगी

इधर कई लोगों ने पर्व के लिए पूजा सामग्रियों में दीया इत्यादि की खरीदी करने के लिए भी जुटे रहे। वहीं साज-सजावट के सामानों की मांग भी लोगों के बीच बनी हुई है। दिवाली पर्व को देखते आगामी दिनों में भी दिनभर बाजार में चहल-पहल बने रहने की संभावना है। ग्रामीण इलाकों के बाजार में भी आज सामान्य दिनों की अपेक्षा बेहतर उपस्थिति रही। धनतेरस से पूर्व ही बाजार में धनवर्षा की स्थिति निर्मित रही।

# दाना का असरः आज बारिश की संभावना

## ठंडी हवाओं में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



देश के उत्तर-पश्चिम इलाकों से आज अलसुबह चक्रवाती तूफान दाना के टकराने के पूरे आसार हैं। ऐसे में इसका असर भी अंचल में देखने को मिलेगा। बताया गया कि अंचल के कई इलाकों में आज हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही हवाओं की रफ्तार में भी सामान्य से कुछ तेजी देखने को मिलेगी। हालांकि बहुत अधिक असर इसका दिखाई देने की संभावना अंचल में नहीं है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रबल चक्रवाती तूफान दाना पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और आज गुरुवार को साढ़े आठ बजे पर, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर, अक्षांश 18.9 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.0 डिग्री पूर्व के पास, पारादीप से लगभग 210 किमी दक्षिण-पूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व और सागर द्वीप से 310 किमी दक्षिण में केंद्रित रहा। यह उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 तारीख की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को भितरकनिका और धामरा (ओडिशा) के करीब पार करने की संभावना है। इसमें हवा की अधिकतम गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से कल 25 अक्टूबर को प्रदेश के उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### रात को बढ़ी ठंड, तापमान लुढ़का

पिछले कुछ दिनों के दौरान अंचल में ठंड बढ़ी है। अलसुबह के साथ ही रात में अब ठंडी हवाएं चलने लगी है। जिसके चलते तापमान भी 25 डिग्री से लुढ़ककर 19 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं दिन का पारा अब भी 32 डिग्री पर बना हुआ है। इसमें भी आने वाले दिनों में 2 से 3 डिग्री की गिरावट संभव है।

# शिक्षक के ट्रांसफर से आक्रोशित पालकों ने स्कूली बच्चों के साथ किया चक्काजाम



**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम दीवानझिटिया शासकीय प्राथमिक शाला के एक शिक्षक को अन्य स्कूल में ट्रांसफर किए जाने के मामले में विरोध करते स्कूल के विद्यार्थी और अभिभावकों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। शासकीय प्राथमिक शाला दीवानझिटिया के विज्ञान सहायक शिक्षक पुरूषोत्तम साहू को मचानपार शासकीय प्राथमिक शाला में अटैच करते उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। जिसके बाद शिक्षक के स्थानांतरण को लेकर स्कूल में पढ़ाई प्रभावित होने का हवाले देते स्थानीय लोगों द्वारा शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर शिक्षक को वापस मूल पदस्थापना में लाने की मांग की गई थी, लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी मांग पूरी नहीं होता देख आज स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया।

### वाहनों की लगी लंबी कतार

स्कूल विद्यार्थी और अभिभावकों द्वारा मुख्य सड़क कोनारी-तुमड़ीबोड़ रोड पर चक्काजाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। इस दौरान पुलिस व प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी को बुलाने पर ग्रामीण अड़े रहे।

### आदेश निरस्त करने के बाद चक्काजाम समाप्त

इधर चक्काजाम की सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पालकों को समझाईश देने लगे, लेकिन शिक्षक का ट्रांसफर तत्काल निरस्त करने की मांग करते पालक व विद्यार्थी नारेबाजी करने लगे। पालकों के आक्रोश को देखते विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सहायक शिक्षक का स्थानांतरण निरस्त करते उन्हें उनकी मूल पदस्थापना दीवानझिटिया प्राथमिक शाला में पदस्थ कर दिया गया। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

# भाजयुमो ने शहर के 12 स्थानों पर बनाए 610 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा युवा मोर्चा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.रमन सिंह के रेफरल कोर्ट में पार्टी की सदस्यता अभियान के तहत शहर के 12 स्थानों पर 610 सदस्य बनाए हैं।

युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान के तहत उत्तर-दक्षिण मंडल में जिला युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं उत्तर-दक्षिण मंडल टीम द्वारा 610 सदस्य बनाए गए। जिसमें वार्ड नं. 43 राजीव नगर, गंज मंडी, मोहरा, नंदई, लेबर कॉलोनी, सहदेव नगर, पीटीएस चौक, उत्कल समाज मोहल्ला, एबीस फैक्ट्री, तुमड़ीबोड़, जमातपारा, नेहरू नगर रायपुर नाका, लालबाग शामिल है।



### कार्यकर्ता रहे सक्रिय

शहर में अलग-अलग स्थानों में सदस्य बनाने वालों में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, उपाध्यक्षद्वय पिंटू वर्मा, देवा झा, जिला मंत्रीद्वय शिवम यादव, चिंटू सोनकर, उत्तर-दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, जिला युवा मोर्चा कमलेश प्रजापति, चेतन यादव, साकेत वैष्णव, कमलेश लहरे, चिंकी श्रीवास्तव, नितेश नायक, मनीष यादव, विजेंद्र आर्या, अभिषेक यदु, टिकेश्वर सिंह, रवि बंजारे, रोहित सिन्हा, नरेन्द्र देवांगन की 610 प्लस की संख्या में सदस्यता कराने में प्रमुख भूमिका रही।

जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि जिला युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने 190, उत्तर मंडल 270, दक्षिण मंडल में 150 सदस्यता की गई।

# नपा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। जारी संशोधित नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक है। दावा-आपत्ति का निराकरण की अंतिम तिथि एवं प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर 2024 है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर है। दावा-आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि बुधवार 20 नवंबर तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु शुक्रवार 22 नवंबर तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 25 नवंबर तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर को किया जाएगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# पांच सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों की हड़ताल स्कूलों में पढ़ाई ठप, बिना पढ़े घर लौटे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में शिक्षकों ने गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल की। जिले के भी सभी सरकारी स्कूल के शिक्षक इस हड़ताल में शामिल हुए। जिसके चलते गुरुवार को पढ़ाई पूरी तरह से ठप रही। हालांकि सुबह सभी स्कूलों में अपने नियमित समय में बच्चे पहुंचे थे, परन्तु शिक्षकों के गैरहाजिर रहने के चलते उन्हें वापस भेजा गया।



मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से सरकारी शिक्षक वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, समयमान, पदोन्नति जैसी मांग सरकार से कर रहे हैं। अब तक इनकी मांगे पूरी नहीं हुई है। जिसके विरोध में ही गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टोरेट दफ्तर के सामने जिले के शिक्षकों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। हड़ताल में शामिल एक शिक्षक ने बताया कि विस चुनाव से पहले मोदी की गारंटी के तहत उनसे वादे किए गए थे। अब सरकार बने लगभग एक साल हो गया है, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए हैं। ऐसे में शिक्षकों को प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ रहा है।

### आगे भी जारी रहेगा शिक्षक आंदोलन

प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को प्रदेशभर के शिक्षक राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दीप जलाकर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर डालेंगे। इसके बाद 11 नवंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 12 से 24 नवंबर तक सभी जनप्रतिनिधियो को ज्ञापन देंगे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो 25 मार्च को मोर्चा के पदाधिकारी राजधानी में पैदल मार्च करेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024



## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ा

# जिस चाकू से केक काटा, उसी से हत्या, आरोपी खैरागढ़ में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जन्मदिन में शराब पीकर बाइक में घूम रहे दो युवकों में गाली-गलौज हुआ, जिस पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर हत्या कर दिया। शहर के महारानी स्कूल के पास बुधवार को दिन दहाड़े हुए युवक की हत्या के मामले में मौके से फरार हुए आरोपी को पुलिस ने खैरागढ़ में पकडा, जिसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 अक्टूबर को प्रार्थी डोमार पटेल 64 वर्ष शारदा चौक के आगे नाला किनारे शंकरपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे उसका पुत्र निकलेश पटेल उर्फ सोनू मोटर साइकिल से छोटू वर्मा नामक लड़का निवासी शंकरपुर के साथ पुराना एसपी आफिस के सामने बल्देवबाग स्थित उसके चाय ठेला में आए थे। कुछ देर बाद दोनों मोटर साइकिल से चले गए। थोड़ी देर बाद महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल रानी अवंतीबाई मूर्ति के पास गुपचुप का ठेला लगाने वाला मनोज साहू ने महारानी स्कूल के पास पहुंचने बोला। महारानी स्कूल के पास करीब साढे 3 बजे जाकर देखा लोगों की काफी भीड़ लगी थी, मेरा लड़का खून से लथपथ पक्की रोड़ में पड़ा था। शरीर में कई जगह धारदार हथियार के चोंट के निशान थे। पता करने पर छोटू वर्मा पिता ललित वर्मा निवासी शंकरपुर द्वारा उसके पुत्र निकलेश पटेल को चाकू मारना पता चला। पुत्र निकलेश पटेल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव ले गए, जहां डॉक्टर द्वारा चेक कर मृत्यु होना बताया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घटना के बाद आरोपी फरार था

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर आरोपी मनीष वर्मा उर्फ छोटू वर्मा पिता ललित वर्मा 23 वर्ष साकिन वार्ड नं. 10 शंकरपुर, जो घटना के बाद खैरागढ़ भाग गया था, जिसे तकनीकी सहायता से घेराबंदी कर पकड़कर हिरासत में लिया गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर बताया कि मृतक निकलेश पटेल उर्फ सोनू अक्सर शराब के नशे में अनाप-शनाप बात करते नीचा दिखता था और गाली-गलौज कर मारपीट करता था।

### जन्मदिन मनाने शराब पीये थे

घटना 23 अक्टूबर को आरोपी मनीष वर्मा का जन्मदिन होने से चिखली शराब भट्ठी में मृतक व आरोपी जाकर दारू पीये। जिसके बाद मृतक निकलेश पटेल गाली-गलौज कर मारपीट किया। जिससे त्वरित आवेश में आकर शराब के नशे में चाकू से मारकर हत्या करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त लोहे के धारदार चाकू को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

## आश्रम में आज सत्संग

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से रामा भाई (अहमदाबाद) का एक दिवसीय गीता भागवत सत्संग का आयोजन मोहारा वार्ड नंबर 47 स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में रखा गया है। योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। सत्संग के अंत में भोजन भंडारा की व्यवस्था भी किया गया है। संस्था के लेखराम साहू एवं दिलीप सिन्हा ने साधकों को उपस्थित होकर कार्यक्रम का श्रवण करने अपील किया है।

## हार्वेस्टर से टकराकर आरक्षक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में यातायात दबाव का असर सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी के साथ नजर आने लगा है। दो दिन पहले सिंगारपुर के पास आरक्षक ओमकार धुर्वे की मौत के बाद पांडादाह रोड में लाइन से वापस घर जा रहा आरक्षक सोमनाथ पिता किशोर दास टांडेकर 38 साल हार्वेस्टर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लाइन में तैनात आरक्षक ड्यूटी से निवृत्त होकर मोटर साइकिल से वापस घर पांडादाह लौट रहा था। इस दौरान पांडादाह से दो किमी पहले चिखलदाह मोड़ के पास धान काटने आई हार्वेस्टर से मोटर साइकिल टकरा गई। जिससे उसके पैर में गंभीर चोंट पहुंची है। वहीं हाथ में भी चोंट लगी है। आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर कर दिया है।















## खबर संक्षेप

### डोंगरगढ़, कबीरधाम, मुंगेली व कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ स्वीकृत

**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरूवार को उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न खनिज परियोजनाओं एवं अधोसंरचना हेतु राशि स्वीकृत की गई। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, राहुल भगत, सचिव वित्त श्रीमती शारदा वर्मा, संचालक खनिज, सुनील जैन, संयुक्त संचालक खनिज अनुराग दीवान एवं खनिज संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थें। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों से खनिज विकास निधि सलाहकार समिति के पूर्व निर्णय सहित राशि के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निधि में उपलब्ध राशि को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में वृहद अधोसंरचना निर्माण की परिकल्पना पर विचार किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में चर्चा उपरांत छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन को डोंगरगढ़, कबीरधाम, मुंगेली व कटघोरा रेलमार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉक नीलामी, खानों के आईटी आधारित नियमन हेतु 83 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में राज्य में खनिज राजस्व में और वृद्धि की संभावनाओं के अध्ययन कार्यवाही तथा खनन क्षेत्र में सुधार हेतु विशेषज्ञ संस्थाओं की सेवाएं लेने हेतु 20 करोड़ रुपए के अतिरिक्त राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया।

### कुण्डा में रानी अहिल्या बाई होल्कर जयंती मनी

**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में रानी अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अहिल्या बाई होल्कर समिति तहसील पंडरिया प्रभारी अश्वनी यदु ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्या बाई सच्ची समाज सेविका थी, उन्होंने महिलाओं, पीड़ित, शोषित व कमजोर वर्ग के लिए अनेक कार्य किया। श्री यदु ने बताया कि हमे उनके आदर्शों को अपनाते हुए देश सेवा का कार्य करना है। उन्होंने सभी बच्चों को देवी अहिल्या बाई के संघर्ष व जीवनी पर निबंध लिखने के लिए कहा। जिस पर श्रेष्ठ निबंध को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत करने की बात कही। इससे पूर्व खंड कार्यवाह होरी लाल गबेल ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर के पति की मृत्यु अल्पायु में हो गई, जिसके बाद उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। कम उम्र में ही उन्हें शासन की बागडोर सम्हालना पड़ा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कलीराम चन्द्राकर ने रानी अहिल्या बाई होल्कर के त्याग व न्याय से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने समाज के ऐसे महान हस्तियों को इतिहास में शामिल कर छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान करने की बात कही। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक मोहन सिंह राजपूत, संपर्क प्रमुख अजित मक्कड़, उपखंड कार्यवाह नरेंद्र चन्द्रवंशी, सालिक यादव, दिनेश जायसवाल, हंसलता धिरही सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का 6 दिवसीय आगमन

- छत्तीसगढ़ में दीपावली महाउत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, सनातनियों में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ में दीपावली महोत्सव पर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज छत्तीसगढ़ में दीपावली महोत्सव कार्यक्रम में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक शिरकत करेंगे। इस दौरान वे रायपुर, बिलासपुर, सिमगा, बेमेतरा, कबीरधाम और अन्य स्थानों पर प्रवास करेंगे और भक्तों को दर्शन व पूजन का अवसर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में धनतेरस पूजन, महाकाली जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा व पत्रकारों को संबोधित करना शामिल है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों के लिए यह एक अद्वितीय अवसर होगा। शंकराचार्य मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी दीपावली महोत्सव मनाने के लिए अपने प्रिय स्थान छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। शंकराचार्य का 28 अक्टूबर को रायपुर में आगमन होगा, जहां से वे बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

बिलासपुर में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य हरीश शाह के फार्म हाउस कुंज कुटीर चिचिरदा में प्रवास करेंगे। वही महाराज के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह व 29 अक्टूबर को धनतेरस पूजन करेंगे, जहां लोग दर्शन कर सकते हैं। 30 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे बिलासपुर चिचिरदा से सिमगा आएंगे, जहां सिमगा बस स्टैंड के पास ताम्रकार परिवार द्वारा भव्य दर्शन व स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात सड़क मार्ग से बेमेतरा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के निज निवास पहुंचेंगे, जहां पादुका पूजन संपन्न होगा। वहीं पूज्य महाराज मध्याह्न सपाद लक्षेश्वर धाम शंकराचार्य आश्रम ग्राम सलधा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दंडी स्वामी श्रीमद्ज्योतिर्मयानंद द्वारा पादुका पूजन कर भक्तो को दर्शन लाभ प्राप्त होगा।

### कबीरधाम आगमन पर सनातनियों द्वारा बाइक रैली निकालकर किया जाएगा स्वागत

वही 31 अक्टूबर की प्रातः 09 बजे सपाद लक्षेश्वर धाम से कबीरधाम जिला के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां कबीरधाम आगमन पर सनातनियों द्वारा भव्य बाइक रैली निकाल कर शंकराचार्य का स्वागत किया जाएगा। वहीं कवर्धा आगमन पर शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू के निज निवास में पादुका पूजन संपन्न होगा। तत्पश्चात विशाल धर्म ध्वज चौक पर नवीन ध्वज लगाया जाएगा। तत्पश्चात ज्योतिर्मठ सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय के निवास में आगमन होगा, जहां उपाध्याय परिवार द्वारा स्वागत किया जाएगा, जहां भक्तों को दर्शन देंगे। वहीं शाम 06 बजे से लक्ष्मी पूजन प्रारंभ होगा व मध्य रात्रि 11:45 बजे पूज्यश्री काली मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां महाकाली जन्मोत्सव में पूजन अर्चन कर 12:15 बजे पुनः शंकरा भवन शांति दीप कॉलोनी आगमन होगा, जहां पूरी रात महालक्ष्मी पूजन अभिषेक होगा, जिसे भक्तों द्वारा दर्शन किया जा सकता हैं। वही 01 नवंबर की मध्यान 12 बजे के पश्चात पत्रकारों को संबोधित करेंगे व रात्रि प्रवास करेंगे। 02 नवंबर को प्रातः 09 बजे यदुनाथ गौशाला में गौपूजन पश्चात ग्राम चरडोंगरी पहुंचकर गोवर्धन पूजा में शामिल होंगे, वहीं सड़क मार्ग से रायपुर प्रस्थान करेंगे, जहां रायपुर में विभिन्न स्थानों पर पादुका पूजन करते हुए सिग्नेचर होम मैग्नेटो मॉल सुनील अग्रवाल के निज निवास में रात्रि प्रवास करेंगे और 3 नवंबर को प्रातः 10 बजे श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां राजराजेश्वरी तिरुपुर सुंदरी माता के दर्शन पूजन पश्चात मध्यान दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कार्यक्रम: पीजी कॉलेज मैदान में सात दिवसीय स्वदेशी मेला संपन्न

# छोटे-बड़े सभी उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना स्वदेशी मेला का लक्ष्य: बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रायपुर सांसद एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में स्वदेशी वस्तुओं और घरेलु उत्पादकों के प्रति देश के नागरिकों का रूझान बढ़ रहा है। देश में संचालित सभी लघु एवं कुटीर उद्योग के विकास और उनके द्वारा तैयार की जाने वाली स्वदेशी वस्तुओं के विक्रय के लिए केन्द्र और छत्तीसगढ की सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होने कहा कि घरेलु उत्पादकों सहित छोटे-बड़े सभी उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना स्वदेशी मेला का लक्ष्य है। इस मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के उद्यमी शामिल हो रहे है।छत्तीसगढ में कवर्धा के बाद बिलासपुर, रायपुर, राजनादंगांव व जगदलपुर में आयोजित होने जा रहा है। यहां भी स्वदेशी वस्तुओं के विक्रय के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जाएगा। सांसद श्री अग्रवाल बुधवार को कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी मेले के समापन समारोह में बुधवार को स्वदेशी मेला में शामिल हुए। उन्होने इस आयोजन के लिए भारतीय विपणन विकास केन्द्र तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। उन्होने समापन समारोह में मेले के आयोजन को सफल बनाने के लिए योगदान देने वाले सभी सदस्यों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्वदेशी मेला के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण मेश्री, हरिश लुनिया, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, मोतीराम चन्द्रवंशी, अशोक साहू, डॉ सुबीर श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा पाडेय, डॉ अतुल जैन, जसविन्दर बग्गा, भारतीय विपणन विकास केन्द्र के प्रबंध संचालक सुब्रत चाकी सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे। सांसद श्री अग्रवाल ने उन्होंने मेले के समापन के सांस्कृतिक आयोजन को दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्टॉल भ्रमण कर जानकारी ली। उन्होंने दूसरे राज्यों से आएं विक्रेताओं और समूह की दीदियों से भेंट की।




### सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिलेवासियों ने खुब आनंद लिया

पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सात दिवसीय स्वदेशी मेले का भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से किया गया। स्वदेशी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम को जिलेवासियों, दर्शकों ने खुब आनंद लिया। मेला में एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ की कला संस्कृतिक की छटा मंच देखने को मिली, स्कूली बच्चों की कार्यक्रमों ने मेला की खुबसुरती बढ़ा दी। मेला स्थल पर निःशुल्क सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया।

### स्वदेशी मेला के समापन में प्रभंजय चतुर्वेदी ने दी प्रस्तुति

स्वदेशी मेला में भिलाई के भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का समां बांधा। इस अवसर पर उन्होंने भजन और गजल प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। उनकी सुरीली आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को अपनी ओर खींच लिया। दर्शकों ने उनके गीतों का भरपूर आनंद लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से उन्हें सराहा।

# मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित होंगी प्रधान पाठिका दिव्या

- बेहतरीन जन-सहयोग से शाला को उत्कृष्ट बनाने में कामयाबी हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत संकुल केन्द्र मोहगांव के शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर की प्रधान पाठिका श्रीमती दिव्या सिंह ठाकुर को संभाग के सर्वोच्च सम्मान मुख्यमंत्री गौरव उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। श्रीमती दिव्या सिंह ने केवल दो वर्षो शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर जो कि मर्ज होने के कगार पर था, उस विद्यालय को अपने अथक प्रयास से पूरे जिले में एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाया। उन्होंने बेहतर कार्यशैली से अपनी शाला में दर्ज बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शाला सुरक्षा हेतु विशेष यूथ क्लब निर्माण और बेहतरीन जन-सहयोग से शाला को उत्कृष्ट बनाने में कामयाबी हासिल किया है। उनके द्वारा बनाया गया यूथ क्लब न सिर्फ शाला की सुरक्षा और विकास में पूर्ण सहयोग दे रहे, बल्कि सामाजिक सेवा कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे, प्रधान पाठिका श्रीमती दिव्या सिंह ने अपने इस सम्मान के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें अपना प्रेरणा श्रोत कहा।

इस उपलब्धि पर संकुल मोहगांव के संकुल प्रभारी केएस चांदसे, सीएसी उदय शर्मा, धरमराज साहू, बैजनाथ चंद्राकर, कुमार अनुरागी, सुनील चन्द्रवंशी, राजू कोशले, अनिता धुव, मूर्ति महोबिया, सावित्री वर्मा, आशीष मिश्रा व शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष ग्राम सरपंच, उपसरपंच सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# नल जल पानी टंकी की उपयोगिता शून्य कंपनी के प्रचार प्रसार का बना साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पीपरमाटी में शासन प्रशासन द्वारा नल जल मिशन योजना अंतर्गत 10 वर्ष पहले विशाल पानी टंकी ग्राम पीपरमाटी में नव निर्माण कराया गया था जो वर्तमान में सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ा हुआ है वहीं लाखों रुपए खर्च कर शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल घरों-घर पहुंचाने निर्माण कराया गया था, वहीं विशाल पानी टंकी सिर्फ कंपनियों का प्रचार प्रसार करने का काम आ रहा है। ग्राम पिपरमाटी में नल जल मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य 10 वर्ष पहले कराया गया था ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व प्यास बुझा सकें लेकिन विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदरों की भारी अनदेखी व लापरवाही का खामियाजा ग्राम पिपरमाटी के ग्रामीणों व रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधि की अनदेखी से ग्रामीण पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है, वहीं विशाल पानी टंकी वर्तमान में सिर्फ और सिर्फ कंपनी के प्रचार प्रसार करने का काम व शोपीस की तरह खड़ी है। जिस पर ग्रामीणों में शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द महत्वकांक्षी नल जल योजना अंतर्गत पानी टंकी का काम चालू कराया जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल व सुविधा मिल सकें।




NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं
मॉड्युलर किचन
आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000
₹90,000
₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# चरखुराकला में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



ग्राम चरखुराकला में संगीतमय श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन पात्रे परिवार द्वारा आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम भालुचुवा निवासी कथा वाचक पं अश्वनी लहरे के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत भगवान के संगीतमय ज्ञान यज्ञ कथा रसपान ग्रामीणों को कराया जा रहा है। इस श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में पं अश्वनी लहरे ने कथा के माध्यम से बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का वर्णन श्रद्धालुओं व भक्तजनों को कराया। उन्होने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की खुशी में शुक्रवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाचते गाते व झुमते हुए नंदोत्सव जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं श्रीमद् भागवत महापुराण में मुख्य यजमान जगन्नाथ पात्रे, चंद्रकुमार पात्रे, सुभाष पात्रे व सतीश पात्रे विराजमान है साथ ही साथ ग्राम चरखुरा कला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### ग्रामीण क्षेत्र में देर शाम के बाद ठंड का अहसास



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में दशहरा पर्व के बाद से ठंड का अहसास होने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में देर शाम के बाद ठंड का अहसास व ठंड बढ़ने लगी है, वहीं क्षेत्र में सुबह सुबह ठंड का अहसास ज्यादा लगने लगा है। जिससे स्कूली छात्र छात्राओं को सुबह स्कूल जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के इस वर्ष अधिक बारिश भी हुई है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शहर व क्षेत्र में कड़ाके की ठंड भी पड़ेगी। वहीं अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में ही ठंड का अहसास होने लगा है। जिसके चलते दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है शहर व ग्रामीण के अलावा वनांचल में ठंड बढ़ा है, वहीं लोग सुबह-सुबह अलाव का सहारा लेने लगे हैं तथा क्षेत्र में कोहरा नजर आने लगा है, जो कुछ दिनों में और अधिक बढ़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक ठंड पड़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं अचानक मौसम में बदलाव के कारण नन्हे-मुन्हे बच्चों व बड़े बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर भी असर देखने को मिल रहा है। गर्म के बाद सीधे मौसम में नरमी के चलते सर्दी-खांसी की शिकायत आने लगी है। शहर व क्षेत्र में ठंड बढ़ने से सरकारी व निजी अस्पताल में लोगों की भीड़ बढ़ रही है साथ ही साथ मेडिकल स्टोर्स में भी लोग सामान्य रूप से दवाई ले रहे हैं। हांलाकि कोई भी दवाई लेने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए वहीं दो-तीन दिन में स्वास्थ्य में सुधार ना हो तो चिकित्सक से परामर्श अवश्य ले लेनी चाहिए।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंजीयन एप से करें रोजगार पंजीयन

**कवर्धा।** संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार सहायता संबंधी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रोजगार पंजीयन एप लॉच किया गया है। इस एप के माध्यम से अभ्यर्थी, रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज की सुविधा के अलावा शासकीय क्षेत्र में भर्ती, रिक्तियों की सूचना तथा निजी क्षेत्रों के प्लेसमेंट कैम्प, रोजगार मेला की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह एप गूगल प्ले स्टोर से एवं रोजगार कार्यालय की विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम से भी संपर्क किया जा सकता है।

### नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला आयोजित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं समाज कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वधान में नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष शाला विकास समिति स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा चंद्रप्रकाश चंद्रवशी शामिल हुए। अध्यक्ष शाला विकास समिति स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा चंद्रप्रकाश चंद्रवशी ने सभी को संबोधित करते हुए नशा मुक्त जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का रूप रेखा नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद के द्वारा दिया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में अभिलाशा पंडा उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन परषोत्तम निर्मलकर ने किया। बच्चों के द्वारा रंगोली के माध्यम से नशा मुक्ति पर संदेश दिया गया। कार्यशाला में प्रचार्य स्वामी करपात्री स्कुल डीएस जोशी, जेके सिंह, अंजली तिवारी, प्रकाश केशरवानी, संजय दुबे, पुनीराम यादव, सूरज निर्मलकर, मोहित सिन्हा उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने पूर्व सेवा गणना के लिए दिखाया दमखम, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले स्थानीय राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में धरना पश्चात मोटर सायकल से रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्रियों व सचिवों के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की ओर से नायब तहसीलदार विकास जैन ने ज्ञापन लिया। मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले के चारो ब्लॉक से भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के दूरदराज से आए शिक्षक प्रातः11 बजे धरना प्रारम्भ किया। इस अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत विभाग से शिक्षा विभाग में संविलियन होने के बाद भी अपने स्वाभाविक अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। संविलियन से पहले के बीस साल की सेवा की गणना नहीं किए जाने से शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान व पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासकीय पद पर दस साल सेवा की बाध्यता के चलते कई शिक्षक पुरानी पेंशन का लाभ पाए बगैर ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि उनकी शिक्षकीय सेवा अवधि बीस से पच्चीस साल तक है। विभागीय नियमों की मकड़जाल के चलते कई शिक्षकों को अब तक पदोन्नति क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण के चलते शिक्षकों को वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है। धरना पश्चात अपरान्ह दो बजे मोटर सायकल रैली निकाला गया जो राजमहल चौक, अम्बेडकर चौक, वीरस्तम्भ चौक, गुरुनानक चौक से यू टर्न लेकर वापस अम्बेडकर चौक, रानी दुर्गावती चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, सीडी भट्ट, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, संतोष शर्मा, केशलाल साहू, अमित मिश्रा, रामकुमार वर्मा, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, मोहन राजपूत, बलदाऊ चन्द्राकर, मालती गर्ग, शरद वर्मा, मनोज चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, रघुनंदन चन्द्रवंशी, रामकुमार सिन्हा, नंद कुमार सोनी, राजेश तिवारी, लोकेंद्र चन्द्रवंशी, रामसिंह साहू, भूपेन्द्र जाटवर, एल्विना विल्सन, वंदना तागड़े, हेमलता धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, चतुर मेरावी, देवन धुर्वे, देवानंद चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, चन्द्रविजय जैन, मुन्ना चन्द्राकर, इंद्रभूषण राय, मार्कण्डेय साहू, पूनम सोनी, ओपी गुप्ता, नरेन्द्र चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, कन्हैया तिवारी, मुनव्वर बेग, देवेंद्र राजपूत, देवानंद त्रिपाठी, शिव धुर्वे सहित जिले के चारो ब्लॉक से सैकड़ो शिक्षक शामिल थे।



### हड़ताल से सैकड़ों स्कूलों में लगा ताला

शिक्षकों के हड़ताल से जिले के सैकड़ो स्कूलों में दिनभर ताला लटकते रहा। स्कूलों के बंद होने से कई बच्चे स्कूल के आस-पास ही खेलते नजर आए। जिन स्कूलों में एकाध पुराने शिक्षक उपस्थित रहे, वे भी केवल स्कूल संचालित करने की खानापूर्ति करते नजर आए।

### शिक्षकों ने शासन के समक्ष रखी मांगे

जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षकों की पांच सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल. बी. संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देना, समतुल्य पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करना, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग का पुरानी पेंशन निर्धारित कर केंद्र सरकार के समान बीस वर्ष की सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन देना, उच्च न्यायालय के डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय अनुसार सभी पात्र शिक्षक एल. बी. संवर्ग को क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश देना एवं शिक्षकों व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर एक जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ता देकर 2019 से देय तिथि के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ व सीजीपीएफ खाता में करने की मांग शामिल है।

**वारदात:** चार ताले तोड़े पर नहीं खोल पाया लॉकर, बैरंग लौटा

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कवर्धा में नकाबपोश चोर की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में बीती रात एक अज्ञात नकाबपोश चोर ने घुसकर चोरी का असफल प्रयास किया है। घटना की जानकारी होने पर बैंक प्रबंधन ने इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली को दे दी है वहीं पुलिस ने भी मामले की जांच व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन घटना के करीब चौबिस घंटे बाद भी आरोपी का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के ठाकुरदेव चौक के पास संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात एक अज्ञात नकाबपोश ने दबिस दी है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर बैंक के मुख्य दरवाजे में लगे ताले के अलावा बैंक के अन्य चार तालों को कटर से काटकर बैंक के भीतर दाखिल हुआ लेकिन वह काफी प्रयास के बाद भी बैंक के लॉकर को नहीं खोल पाया और बैरंग ही लौट गया। गुरूवार की सुबह करीब 11.00 बजे जब बैंक के अधिकारी-कर्मचारी रोज की तरह बैंक पहुंचे तो उन्हें बैंक का मुख्य दरवाजा खुला मिला वहीं अंदर भी तीन ताले टूटे पड़े थे। जिसके बाद बैंक प्रबंधन द्वारा इसकी जानकारी तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर दलबल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने प्रारंभिक विवेचना करते हुए बैंक तथा आसपास लगे सीसी टीबी फुटे की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि सीसी टीवी फुटेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि बैंक में एक नकाबपोश ताला तोड़कर दाखिल हुआ है लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अब कवर्धा कोतवाली पुलिस आरोपी के हुलिया व अन्य जानकारियों के आधार पर उसकी तलाश में जुट गई है लेकिन घटना के करीब चौबिस घंटे बाद भी आरोपी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### बैंक प्रबंधन ने नहीं दर्ज कराई रिपोर्ट

कोतवाली प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार बैंक प्रबंधन ने चोरी की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज नहीं कराई है। सिर्फ मौखिक सूचना दी है। जबकि माना जा रहा है कि बैंक प्रबंधन को इतने संवेदनशील मामले की विधिवत अज्ञात आरोपी के खिलाफ रपट दर्ज करानी थी।

### बैंक के लॉकर में थे तीस लाख नकद व सोने चांदी के जेवर



बैंक प्रबंधन से मिली जानकारी घटना के वक्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के लॉकर में करीब 30 हजार रूपए की नगदी तथा सोने चांदी के जेवरात मौजूद थे। लेकिन इसे गनीमत ही कहें की अज्ञात आरोपी लॉकर को खोल नहीं पाया और नगदी राशि तथा जेवरात बच गए।

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

वहीं इस घटना के सामने आने के बाद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सवाल उठाया जा रहा है कि क्या इस बैंक में कोई सुरक्षा गार्ड नहीं हैं। अगर है तो फिर एक नकाबपोश कैसे बैंक में लगे चार ताला को तोड़कर बैंक में दाखिल हो गया और अगर बैंक में सुरक्षा गार्ड नहीं है तो क्या बैंक प्रबंधन ने इसकी जरूरत नहीं समझी और बैंक की सुरक्षा व्यवस्था भवान भरोसे छोड़ दी।

# गबन के आरोप में मरका पंचायत सचिव निलंबित, सरपंच-सचिव से राशि वसूली के आदेश

- जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने जनपद पंचायत कवर्धा अंर्तत ग्राम पंचायत मरका के सरपंच तथा सचिव के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मरका के सरपंच तथा सचिव के खिलाफ प्राप्त शिकायत के आधार पर गठित जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में सरपंच प्रवीण वैष्णव ग्राम पंचायत मरका, जनपद पंचायत कवर्धा के विरूद्ध सचिव बलदाउ चन्द्रवंशी के साथ मिलीभगत कर वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक 15 वें वित्त तथा अन्य मद से 21 कार्य की राशि 26,58,534.00 रूपए बिना मूल्यांकन/ सत्यापन कराए नियम विरूद्ध भुगतान कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया जाना पाया गया है एवं राशि 398000.00 अपने स्वयं के पुत्र का फर्म राजव्रत बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर को नियम विरूद्ध भुगतान किया गया है। इस प्रकार सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत मरका द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता बरतते हुए शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है।

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सरपंच प्रवीण वैष्णव एवं सचिव बलदाउ चन्द्रवंशी ग्राम पंचायत मरका, जनपद पंचायत कवर्धा से विभिन्न कार्यों की राशि 26,58,534.00 रूपए छग पंचायत राज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधान अनुसार बराबर-बराबर वसूली कर, कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत के निर्देश दिए हैं।

वहीं गबन के आरोपी ग्राम पंचायत सचिव बलदाऊ चन्द्रवंशी छग पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 में निहित प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत कवर्धा रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

प्रशासन द्वारा गबन के आरोप में सरपंच व सचिव के विरूद्ध की गई इस कार्यवाही से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

### 99 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



**कवर्धा।** छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा कक्षा 9 वीं की गरीब तथा वंचित वर्ग की छात्राओं को निः शुल्क सायकल वितरित की जाती है। इसी के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कचहरी पारा कवर्धा में नगरपालिका कवर्धा के अध्यक्ष मनहरण कौशिक तथा भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में गत 22 अक्टूबर को 99 छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरित की गई। संस्था के प्राचार्य द्वारा छात्राओं के लिए सायकल स्टेण्ड की मांग की गई जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि विद्यालय के सामने स्थित पानी टंकी के नीचे बाउण्ड्रीवाल का निर्माण बहुत जल्द करा दिया जाएगा जहां पर इस विद्यालय की छात्राएं अपनी सायकिल रख सकती है। सायकल वितरण के इस कार्यक्रम में संस्था के विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता के अतिरिक्त सदस्यगण मनोज गुप्ता, सनत तिवारी, संजय मिश्रा, सालिकराम निर्मलकर, अश्वनी देवांगन, शंभू देवांगन, नीलकमल शाण्डिल्य, तोप सिंह नेताम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। सायकिल पाकर प्रसन्न चित्त छात्राओं को चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बेहतर पढ़ाई करके स्वयं एवं माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

# अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लंबा ने पूर्व विधायक ममता को किया सम्मानित

- महिला कांग्रेस के सदस्यता अभियान में ममता ने पूरे देश में बनाए सार्वाधिक सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा गत दिनो देश की राजधानी दिल्ली में नारी न्याय सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा पूरे देश में महिला सदस्यता अभियान चलाया था। इस समारोह में कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर को सार्वाधिक पार्टी सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा पूरे देश में चलाए गए महिला सदस्यता अभियान के तहत पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सार्वाधिक 1146 महिलाओं को स्वयं उनके गांव-गांव जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा उनके कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए नारी न्याय सम्मान समारोह से दिल्ली के कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि यह सम्मान जो मिला है वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिलाओं के लिए सम्मान की बात है। वहीं श्रीमती ममता चंद्राकर ने यह सम्मान अखिल भारतीय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी, महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लंबा, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस फूलों देवी नेताम के साथ कवर्धा जिला व पंडरिया विधानसभा की महिलाओं को समर्पित किया जिन्होंने उनके साथ जुड़कर सदस्यता अभियान चलाया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। मामता चन्द्राकर की इस उपलब्धि पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।



### यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा।** भोरमददेव ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा के द्वारा स्वदेशी मेला के अंतिम दिवस पीजी कॉलेज मैदान में यातायात जागरूकता का आयोजन जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन के आतिथ्य में किया गया। जिसमें स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, स्काउटर-गाइडर शामिल हुए। लोगों को यातायात नियम के प्रति जागरूक के लिए रोवर रेंजर, स्काउट गाइड ने यातायात के नियमों का पालन करें, कृपया बायें चलें, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग ना करें, नशे की हालत में वाहन ना चलायें, हेलमेट का उपयोग करें, रफ्तार की मजा मौत की सजा, शराब पीकर वाहन न चलायें आदि बैनर, पोस्टर एवं स्वदेशी मेला स्थल में ही रैली निकल कर प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी (स्काउट), जिला जिला सचिव नीलम यद्ु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सुजीत कुमार गुप्ता, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) संजू मिश्रा,स्काउट मास्टर प्रिय प्रकाश साहू, सीनियर रोवर सौरभ शर्मा, सजेस हिंदी मीडियम कवर्धा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, सजेस इंग्लिश/हिंदी मीडियम कचहरी पारा, विवेकानंद हाई स्कूल कवर्धा,सजेस इंग्लिश मीडियम दुर्गावती चौक कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर के स्काउट गाइड, रोवर-रेंजर शामिल थे।

**रायपुर की टीम ने फाईनल मुकाबले में दर्ज की जीत, उप विजेता बनी सरगुजा की टीम**

# नगर में राज्य स्तरीय बॉलीबाल पुरुष प्रतियोगिता आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बॉलीबाल पुरुष प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व पीजी महाविद्यालय कवर्धा को दिया गया था। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गत दिनो पीजी कॉलेज कवर्धा के प्रेक्षागृह में रिंकेश वैष्णव जनभागीदारी अध्यक्ष के अध्यक्षता में एवं शेखर बक्शी वरिष्ठ अधिवक्ता, देवेंद्र मिश्रा वरिष्ठ अधिवक्ता, डॉ बीएस चौहान प्राचार्य, अजय ठाकुर, पर्यवेक्षक प्रकाश चंद्रवंशी क्रीड़ा अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन कवर्धा शहर के पुलिस वॉलीबॉल ग्राउंड में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग, राजनंदगांव, रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, बिलासपुर, कोरबा रायगढ़, जांजगीर चांपा, बस्तर और सरगुजा के 10 परिक्षेत्र के बॉलीबाल पुरुष टीम सम्मिलित हुए। सभी मैच बहुत ही रोमांस से भरा रहा। प्रतियोगिता में सभी 10 टीमों के खिलाडियों ने अपने खेल कौशल का उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला रायपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें रायपुर की टीम सेमीफाइनल मैच जीती एवं दूसरा सेमीफाइनल सरगुजा और दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें सरगुजा की टीम विजेता रही। इसी प्रकार प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर और सरगुजा टीम के मध्य खेला गया। जिसमें रायपुर की टीम ने रोमांचक फाईनल मुकाबले में सरगुजा को हराकर उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित बॉलीबाल राज्य स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में राजनांदगांव परिक्षेत्र के वरिष्टराधिकारी अरुण चौधरी, डॉ. एमएल नंदेश्वर, श्रीमती अनीता ठाकुर, मोरध्वज सोनवानी, आयोजक महाविद्यालय के अधिकारी केपी माहुले सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का समापन बॉलीबाल पुलिस ग्राउंड में प्राचार्य के द्वारा विजेता एवं विजेता टीम के खिलाडियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर उन्होने अपने उद्बोधन में सभी खिलाडियों को आगामी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं देते हुए उच्च शिक्षा विभाग को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन का दायित्व देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कुकदुर के डॉक्टर को शोकॉज नोटिस जारी करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार को पंडरिया विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुकदूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रसंगिना साधु अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनुपस्थित डॉक्टर के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए। यहां बताया गया कि मेडिकल ऑफिसर डॉ साधु अक्सर कार्य में अनुपस्थित रहते है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सभी वार्डों की साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करें और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान पंडरिया एसडीएम, बीएमओ सहित जनपद सीईओ उपस्थित थे।



# स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखकों की हड़ताल से करोड़ों का राजस्व प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन खरीदी-बिक्री के लिए पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के उद्देश्य से लॉन्च किए गए सुगाम ऐप के माध्यम से मौके पर जाकर फोटो अपलोड करने की अनिवार्यता का विरोध करते दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। इस हड़ताल से ऑफलाइन रजिस्ट्री बंद है और जिलेभर में करोड़ों रुपए का राजस्व प्रभावित हो रहा है।

राजनांदगांव तहसील और जिला पंजीयक कार्यालय मिलाकर लगभग 40 स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखक हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से ऑफलाइन रजिस्ट्री कार्य ठप पड़ा हुआ है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण रजिस्ट्री कार्य प्रभावित, ऐन त्यौहार के पहले लोगों को भटकना पड़ रहा

### एनजीडीआरएस ऐप से हो रही रजिस्ट्री

स्टाम्प वेडरों और दस्तावेज लेखकों की हड़ताल के चलते आवश्यक रजिस्ट्री के लिए लोग ऑनलाइन माध्यम से नेशनल जनरल डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय समान दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली को अपना रहे हैं। हड़ताल के दौरान इसके जरिये बुधवार को एक रजिस्ट्री और गुरुवार को दो रजिस्ट्री की गई है।




### स्वयं की आईडी-पासवर्ड से ले रहे अपॉइंटमेंट

ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्री करवाने के लिए क्रेता-विक्रेता द्वारा ऐप के माध्यम से आईडी जेनरेट कर स्वयं की आईडी-पासवर्ड से अपॉइंटमेंट लिया जा रहा है। इसके बाद रजिस्ट्री कार्य हो रहा है।

### कार्यालय में सन्नाटा

दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर की हड़ताल के चलते तहसील व जिला पंजीयन कार्यालय में आम दिनों के मुकाबले सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं ऑफलाइन रजिस्ट्री करवाने के लिए लोग भटक रहे हैं।

### ई-स्टाम्प की बढ़ी मांग

स्टाम्प वेंडरों के हड़ताल के चलते ई-स्टाम्प की मांग बढ़ गई है। पहले 15-20 ई-स्टाम्प की बिक्री होती थी। वहीं अब संख्या बढ़कर 35-40 पहुंच गई है।

### करोड़ों का नुकसान हो रहा

जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिदिन लगभग 70 से 100 अपॉइंटमेंट लिए जाते हैं। जिसके माध्यम से जिलेभर में एक करोड़ रुपए के आसपास राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन अब दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल के चलते रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हुआ है। जिसके बाद चार दिन में महज तीन रजिस्ट्री हुई है।

## सुबह से देर शाम तक शुभ मुहूर्त के चलते बाजार में भीड़

# पर्व से पहले गुरु पुष्य नक्षत्र पर बाजार दमका, जमकर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पर्व से पूर्व आज गुरू पुष्य नक्षत्र मुहूर्त पर बाजार में लोगों ने पर्व संबंधी सामग्री सहित अन्य सामानों की जमकर खरीदी की। सुबह से देर शाम तक बाजार में रौनक और लोगों की चहल-पहल बनी रही।

गुरू पुष्य नक्षत्र को लेकर बाजार में पूर्व से व्यवसायियों ने तैयारियां की हुई थी। दुकानों में साज-सजावट कर आकर्षक स्वरूप दिया गया है। दिवाली से पहले गुरुवार को गुरू पुष्य नक्षत्र के साथ ही अमृत और स्वार्थ सिद्धि योग के चलते इस मुहूर्त पर खरीदी करने के लिए लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ था।



### लोगों की सुबह से उपस्थिति

बाजार में शहरी सहित ग्रामीणों की आज सुबह से ही बेहतर उपस्थिति लोगों की बनी हुई थी। इस अवसर पर लोगों ने उत्साह के साथ पर्व से पूर्व सामग्रियों की जमकर खरीदी की। बाजार के इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, ज्वेलरी, कपडे सहित अन्य दुकानों में सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की बेहतर उपस्थिति रही। इस दौरान व्यवसायियों की भी व्यस्तता रही।

### रंगोली व सजावट की सजी दुकान

समीप दिवाली पर्व को लेकर बाजार में दशहरा के बाद से ही दुकानें सजी हुई है। रंग-बिरंगी रंगोली से लेकर आकर्षक विद्युत झालर, साज-सजावट के सामान, दीये सहित पर्व संबंधी कई दुकानें सजी हुई है। शहर के कई स्थानों पर कुछ व्यवसायियों ने कपडे इत्यादि की सेल भी लगाई है, जहां से लगातार खरीदी करने लोग जुटे हुए हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। इस वर्ष पर्व के दौरान बेहतर व्यवसाय होने की संभावना जताई जा रही है।

### आगामी दिनों में भी चहल-पहल रहेगी

इधर कई लोगों ने पर्व के लिए पूजा सामग्रियों में दीया इत्यादि की खरीदी करने के लिए भी जुटे रहे। वहीं साज-सजावट के सामानों की मांग भी लोगों के बीच बनी हुंई है। दिवाली पर्व को देखते आगामी दिनों में भी दिनभर बाजार में चहल-पहल बने रहने की संभावना है। ग्रामीण इलाकों के बाजार में भी आज सामान्य दिनों की अपेक्षा बेहतर उपस्थिति रही। धनतेरस से पूर्व ही बाजार में धनवर्षा की स्थिति निर्मित रही।

# दाना का असर: आज बारिश की संभावना

## ठंडी हवाओं में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के उत्तर-पश्चिम इलाकों से आज अलसुबह चक्रवाती तूफान दाना के टकराने के पूरे आसार हैं। ऐसे में इसका असर भी अंचल में देखने को मिलेगा। बताया गया कि अंचल के कई इलाकों में आज हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही हवाओं की रफ्तार में भी सामान्य से कुछ तेजी देखने को मिलेगी। हालांकि बहुत अधिक असर इसका दिखाई देने की संभावना अंचल में नहीं है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रबल चक्रवाती तूफान दाना पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और आज गुरुवार को साढ़े आठ बजे पर, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर, अक्षांश 18.9 डिग्री उत्तर और देशांतर 88.0 डिग्री पूर्व के पास, पारादीप से लगभग 210 किमी दक्षिण-पूर्व, धामरा (ओडिशा) से 240 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व और सागर द्वीप से 310 किमी दक्षिण में केंद्रित रहा। यह उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 तारीख की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को भितरकनिका और धामरा (ओडिशा) के करीब पार करने की संभावना है। इसमें हवा की अधिकतम गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। इसके प्रभाव से कल 25 अक्टूबर को प्रदेश के उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



### रात को बढ़ी ठंड, तापमान लुढ़का

पिछले कुछ दिनों के दौरान अंचल में ठंड बढ़ी है। अलसुबह के साथ ही रात में अब ठंडी हवाएं चलने लगी है। जिसके चलते तापमान भी 25 डिग्री से लुढ़ककर 19 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं दिन का पारा अब भी 32 डिग्री पर बना हुआ है। इसमें भी आने वाले दिनों में 2 से 3 डिग्री की गिरावट संभव है।

0 राजनांदगांव। जिले में 5 से 19 अक्टूबर तक साइबर जागरूकता पखवाड़ा नवा बिहान चलाया गया।

इसी कड़ी में आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में बनाए गए साईबर लेन का अवलोकन किया एवं सेल्फी जोन में मैं हूं साईबर जागरूक राजनांदगांव पुलिस में सभी ने सेल्फी ली।







